उत्तर प्रदेश सरकार

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**

19-सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

<u>सूचना/विज्ञप्ति</u>

## **<u>आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2013</u>**

| **पदनाम** | **रिक्तियों की संख्या** |
|---|---|
| पुलिस आरक्षी | 35,500 |
| आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी | 4,033 |
| फायरमैन | 2,077 |

संख्याःपीआरपीबीःएक-1(28)/2013 दिनांकःजून 20, 2013

**1-** उ०प्र० पुलिस में पुलिस आरक्षी के 20000 पदों की चयन प्रक्रिया के लिए बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबीःएक-1(28)/2013 दिनांकित 14-05-2013 प्रमुख समाचार पत्रों में दिनांक 15-05-2013 को प्रकाशित की गयी है, जिसमें आवेदन की समय-सारिणी, आवेदन शुल्क, शैक्षिक अर्हता, ओ०एम०आर० आवेदन/ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, जाति प्रमाण-पत्रों के प्रारूप, प्रारम्भिक लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, मुख्य लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा और चिकित्सा परीक्षा के सम्बन्ध में सूचना, अधिसूचित डाकघरों के नाम, आरक्षण एवं आयु के सम्बन्ध में निर्धारित महत्वपूर्ण निर्देश आदि का उल्लेख है। यह सूचना/विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर भी उपलब्ध है ।

**<u>2-पुलिस आरक्षी के पद पर भर्ती</u>**

बोर्ड द्वारा प्रकाशित इस सूचना/विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबीःएक-1(28)/2013 दिनांकित 14-05-2013 के क्रम में सूचित किया जाता है कि **पुलिस आरक्षी की रिक्तियों की संख्या 20,000 से बढ़कर 35,500 हो गयीं हैं,** जिनका संशोधित श्रेणीवार विवरण इस प्रकार हैं:-

| **क्र0 सं0** | **श्रेणी** | **संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 17750 |
| 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 9585 |
| 3 | अनुसूचित जाति | 7455 |
| 4 | अनुसूचित जनजाति | 710 |
| | **योग** | **35,500** |

इन 35,500 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया एक साथ सम्पन्न की जायेगी।

**<u>3-आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के पद पर भर्ती</u>**

अग्रेतर यह भी सूचित किया जाता है कि **शैक्षिक अर्हता एवं भर्ती की प्रक्रिया पुलिस आरक्षी के समान होने के कारण आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी वेतनमान-पे बैण्ड-5200-20200 व ग्रेड पे-2000 के पद इस भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित किये गये हैं।** आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के रिक्त पदों के श्रेणीवार विवरण इस प्रकार हैं:-

| क्र0 सं0 | श्रेणी | संख्या | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 2016 | केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिये । |
| 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1089 | |
| 3 | अनुसूचित जाति | 847 | |
| 4 | अनुसूचित जनजाति | 81 | |
| | **योग** | **4,033** | |

**<u>टिप्पणी:-</u>** आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के पद पर स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के आश्रितों के लिये 2 प्रतिशत, भूतपूर्व सैनिकों के लिये 5 प्रतिशत तथा होमगार्ड्स के लिए 05 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण एतदर्थ प्रवृत्त शासनादेशों में निहित प्राविधानों के अनुसार अनुमन्य होंगे।

**<u>4-फायरमैन के पद पर भर्ती</u>**

अग्रेतर यह भी कि शैक्षिक अर्हता एवं भर्ती प्रक्रिया पुलिस आरक्षी के समान होने के कारण **फायरमैन वेतनमान-पे बैण्ड-5200-20200 व ग्रेड पे-2000 के पद भी इस भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित किये गये हैं।** फायरमैन के रिक्त पदों के श्रेणीवार विवरण इस प्रकार हैं:-

| क्र0 सं0 | श्रेणी | संख्या | पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 1038 | केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिये । |
| 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 561 | |
| 3 | अनुसूचित जाति | 436 | |
| 4 | अनुसूचित जनजाति | 42 | |
| | **योग** | **2,077** | |

**<u>टिप्पणी:-</u>** फायरमैन के पद पर स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के आश्रितों के लिये 2 प्रतिशत तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिये 5 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण एतदर्थ प्रवृत्त शासनादेशों में निहित प्राविधानों के अनुसार अनुमन्य होंगे।

**<u>5-संयुक्त परीक्षा द्वारा चयन:-</u>**

पुलिस आरक्षी, आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी तथा फायरमैन के पदों पर भर्ती के लिए संयुक्त परीक्षा होगी। अभ्यर्थी का चयन संयुक्त परीक्षा के परिणाम के श्रेष्ठताक्रम एवं अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये प्रथम, द्वितीय, तृतीय वरीयताक्रम (order of preference) के आधार पर निम्न प्रकार किया जायेगा:-

(1) आवेदन पत्र में पद का वरीयताक्रम केवल पुरूष अभ्यर्थी द्वारा ही भरा जायेगा।

(2) यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा मात्र प्रथम वरीयता ही दी गयी है एवं उसके द्वारा द्वितीय अथवा तृतीय वरीयता नहीं दी गयी है तो उसका अभ्यर्थन उसके द्वारा दी गयी प्रथम वरीयता के पद के लिए ही विचारणीय होगा ।

(3) अभ्यर्थी के आवेदन पत्र में अंकित वरीयताक्रम में किसी भी प्रकार का विरोधाभास होने या वरीयताक्रम न भरे जाने की स्थिति में बोर्ड द्वारा वरीयताक्रम अंकित करने वाले अभ्यर्थियों को आवंटन के उपरान्त शेष बचे हुए पद उसे आवंटित किये जायेंगे।

(4) इस सम्बन्ध में बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा ।

**<u>6-आवेदन की समय सारिणी:-</u>**

ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों के लिए तथा ऑनलाइन आवेदन पत्रों के लिए आवेदन की समय सारणी बोर्ड द्वारा प्रकाशित सूचना/विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबीःएक-1(28)/2013 दिनांकित 14-05-2013 के अनुसार निम्नवत् होगीः-

**<u>(अ) ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों के लिए-</u>**

(1) आवेदन पत्र अधिसूचित डाकघरों से प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथिः 18-07-2013

(2) आवेदन पत्र अधिसूचित डाकघरों में जमा करने की अंतिम तिथिः 20-08-2013

**<u>(ब) ऑनलाइन आवेदन पत्रों के लिए-</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | पंजीकरण आरम्भ होने की तिथिः | 18-07-2013 |
| (2) | पंजीकरण समाप्त होने की तिथिः | 18-08-2013 |
| (3) | आवेदन शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथिः | 19-08-2013 |
| (4) | आवेदन स्वीकार किये जाने की अंतिम तिथिः | 20-08-2013 |

**<u>7-आवेदन शुल्क</u>**

आवेदन शुल्क रू0-200/- (रूपये दो सौ मात्र) निर्धारित है।

**<u>7.1- आवेदन शुल्क से छूटः-</u>**

बोर्ड द्वारा पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी-दो-1(2)/2011 दिनांकित 15-07-2011 के पुराने अभ्यर्थियों, जिन्होंने **पुलिस आरक्षी या आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी अथवा दोनों पदों पर** भर्ती हेतु आवेदन किया था, उन्हें कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा। **परन्तु पुलिस आरक्षी** या **आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी अथवा दोनों पदों के साथ-साथ फायरमैन के पद पर भर्ती हेतु भी आवेदन करने पर उन्हें आवेदन शुल्क से कोई छूट नहीं मिलेगी तथा उन्हें निर्धारित आवेदन शुल्क रू0-200/- देना होगा।**

उदाहरण के लिए- (1) यदि पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति दिनांकित 15-07-2011 का कोई पुराना अभ्यर्थी पुलिस आरक्षी तथा आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी के पद हेतु आवेदन करता है तो उसे आवेदन शुल्क में छूट मिलेगी। (2) यदि पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति दिनांकित 15-07-2011 का कोई पुराना अभ्यर्थी पुलिस आरक्षी, आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी तथा फायरमैन के पद हेतु आवेदन करता है तो उसे आवेदन शुल्क से कोई छूट नहीं मिलेगी।

**<u>8-आयु सीमा में छूट:-</u>**

8.1 पुलिस आरक्षी के समान आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्टेबुलरी तथा फायरमैन की भर्ती प्रक्रिया के लिए भी यह आवश्यक है कि पुरूष अभ्यर्थी ने दिनांक 01-07-2013 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 22 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो।

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और ऐसी अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों (केवल उ0प्र0 के मूल निवासी) के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट एतदर्थ प्रवृत्त शासनादेशों में निहित प्राविधानों के अनुसार अनुमन्य होगी।

8.2 अग्रेतर यह भी कि बोर्ड द्वारा पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी-दो-1(2)/2011 दिनांकित 15-07-2011 के **पुराने अभ्यर्थियों, जिन्होंने पुलिस आरक्षी या आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी अथवा दोनों पदों पर भर्ती के लिए आवेदन किया था,** को दिनांक 01-07-2013 को अधिक आयु **(Over Age)** होने की स्थिति में **अधिकतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की जायेगी,** ताकि वे उक्त पद के लिए इस भर्ती में सम्मिलित होने के लिए पात्र हो सकें, परन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को **फायरमैन के पद** पर भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा में यह **शिथिलता प्राप्त नहीं होगी ।**

**<u>9-आवेदन की प्रक्रिया</u>**

9.1 यह स्पष्ट किया जाता है कि पुलिस आरक्षी, आरक्षी प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलरी तथा फायरमैन के पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया बोर्ड द्वारा प्रकाशित सूचना/विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबीःएक-1(28)/2013 दिनांकित 14-05-2013 के अनुरूप होगी **तथा अभ्यर्थी द्वारा ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र या ऑनलाइन आवेदन पत्र में से किसी एक माध्यम का चयन कर केवल एक ही आवेदन पत्र भरा जायेगा अन्यथा बोर्ड द्वारा उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा ।**

9.2 बोर्ड द्वारा पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी-दो-1(2)/2011 दिनांकित 15-07-2011 के **पुराने अभ्यर्थियों** को निःशुल्क ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र बोर्ड द्वारा प्रकाशित सूचना/विज्ञप्ति दिनांकित 14-05-2013 के परिशिष्ट-3 में निर्धारित अनुरोध पत्र का प्रारूप भरकर उसी अधिसूचित डाकघर में जमा करने पर प्राप्त हो सकेंगे, जिस डाकघर से उन्होंने पूर्व में वर्ष 2011 में ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा किया था। **अतः ऐसे अभ्यर्थी कृपया यह अनुरोध पत्र भरकर बोर्ड को न भेजें। बोर्ड में सीधे प्राप्त होने वाले ऐसे अनुरोध पत्रों पर बोर्ड द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जायेगा ।**

9.3 निःशुल्क ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र केवल पुलिस आरक्षी एवं आरक्षी पीएसी के लिए ही मान्य होंगे तथा निर्धारित शुल्क रू0-200/- के साथ प्राप्त होने वाला ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र पुलिस आरक्षी, आरक्षी पीएसी एवं फायरमैन के लिए मान्य होंगे।

**10-शारीरिक मानक परीक्षण:-**

यह भी सूचित किया जाता है कि चिकित्सीय परीक्षण में शारीरिक मानक परीक्षण के अन्तर्गत पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई के मानक के साथ-साथ सीना तथा वजन के न्यूनतम मानक भी निर्धारित किये गये हैं, जो कि इस प्रकार हैं:-

**ऊंचाई**

पुरूष और महिला अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई निम्नवत निर्धारित की गयी हैः-

| श्रेणी | पुरूष अभ्यर्थी | महिला अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| सामान्य / अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिए | 168 से0मी0 | 152 से0मी0 |
| अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए | 160 से0मी0 | 147 से0मी0 |

**सीना**

पुरूष अभ्यर्थी के सीने की माप निम्न मानक के अनुरूप होनी चाहियेः-

| श्रेणी | पुरूष | महिला |
|---|---|---|
| सामान्य / अन्य पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिए | बिना फुलाये-79 से0मी0 व फुलाने पर 84 से0मी0 से कम नहीं होना चाहिए।<br>टिप्पणीः-न्यूनतम 5 से0मी0 का फुलाव अनिवार्य है। | लागू नहीं |
| अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए | बिना फुलाये-77 से0मी0 व फुलाने पर 82 से0मी0 से कम नहीं होना चाहिए।<br>टिप्पणीः-न्यूनतम 5 से0मी0 का फुलाव अनिवार्य है। | लागू नहीं |

**वजन**

महिला अभ्यर्थी का वजन निम्न प्रकार होना चाहियेः-

| श्रेणी | महिला | पुरूष |
|---|---|---|
| सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के सभी अभ्यर्थियों के लिए | न्यूनतम 40 किलोग्राम | लागू नहीं |

अतः चिकित्सीय परीक्षण के अन्तर्गत चिकित्सा मैनुअल के अनुसार विहित मापदण्ड के अतिरिक्त पुरूष अभ्यर्थियों की ऊंचाई के साथ सीना एवं महिला अभ्यर्थियों की ऊंचाई के साथ वजन का शारीरिक मानक परीक्षण किया जायेगा।

11- पूर्व प्रकाशित सूचना/विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबीःएक-1(28)/2013 दिनांकित 14-05-2013 तदनुसार संशोधित समझी जायेगी। अन्य प्राविधान यथावत लागू होंगे ।

12- अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विस्तृत विज्ञापन का भली-भांति अध्ययन करने के पश्चात अर्ह होने की स्थिति में ही आवेदन करें ।

**अपर सचिव (भर्ती)**
**उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ ।**